हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 27 नवंबर 2025

06 संविधान दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं...



07 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को शहर में लग...





## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल जयंती पर निकलेगा यूनिटी मार्च



**विदिशा।** गुलाबगंज मंडल में राष्ट्र के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 28 नवंबर को भव्य यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व भारत के केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। उनके साथ विदिशा विधायक मुकेश टंडन तथा जिलेभर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह यात्रा सुबह 10 बजे सानवी वेयरहाउस हथियाखेड़ा से प्रारंभ होकर मढ़ी चौबीसा, मेहंदेर रेस्ट हाउस, दांगी धर्मशाला, शासकीय अस्पताल, गांधी चौक और बर्री बैंक चौराह होते हुए हाट बाजार गुलाबगंज पहुंचेगी। जहां आमसभा आयोजित की जाएगी।

### दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि



**विदिशा।** नायब तहसीलदार कविता कडेला के निधन हो जाने पर जिला प्रशासन के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय कविता कडेला के चित्र पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा एसपी रोहित काशवानी ने की है। फरार आरोपी यश पुत्र शंकरलाल डिडोत निवासी रायसेन गेट की सूचना देने वाले को इनाम की राशि दी जाएगी। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### विदिशा विस क्षेत्र में तीन केंद्रों पर 100% काम पूरा

**विदिशा।** विधानसभा विदिशा 144 के अंतर्गत तीनों निर्धारित मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा अपने-अपने दायित्वों का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि मतदान केंद्र क्रमांक 65 की बीएलओ अर्चना त्रिपाठी, केंद्र क्रमांक 73 के बीएलओ संतोष श्रीवास्तव, तथा केंद्र क्रमांक 179 के बीएलओ सुधीर जैन द्वारा समस्त कार्य समय पर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपादित किए गए। हालांकि विदिशा विधानसभा का काम अन्य विधानसभा क्षेत्रों से अभी पीछे चल रहा है।

### सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी के आरोपी पकड़े गए

# चोरी का खुलासाः चार आरोपी गिरफ्तार 30 लाख की ज्वेलरी और नगदी बरामद

***200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 160 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की और फिंगरप्रिंट के आधार पर गिरोह की पहचान की।***



**विदिशा।** गिरफ्तार किए गए चोर गिरोह के संबंध में जानकारी देते हुए।



**विदिशा।** चोरों से बरामद किए गए सोने चांदी के आभूषण और नगदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने एक सूने मकान में हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 30 लाख 60 हजार मूल्य की सोने-चांदी की ज्वेलरी, नकदी और चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। यह चोरी की वारदात विदिशा के एसएटीआई कॉलेज के सामने स्थित राजेंद्र श्रीवास्तव के मकान में हुई थी।

फरियादी राजेंद्र श्रीवास्तव ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि चोरों ने उनके घर से लाखों रुपए की ज्वेलरी और नकदी चुरा ली थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। सिविल लाइन पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू की। पुलिस टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 160 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की और फिंगरप्रिंट व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गिरोह की पहचान की। तकनीकी साक्ष्य और फील्डिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस ने बैतूल के प्रवीण लांजीवर, रायसेन के सतीश परमार और प्रांजल चौहान, तथा छिंदवाड़ा के मोहम्मद काशिफ को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई जिलों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख 43 हजार 500 रुपए नकद, सोने के 4 कंगन, सोने की 1 चेन सहित कुल 30 से अधिक सोने-चांदी के आइटम बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 30 लाख 60 हजार रुपए है। पुलिस अधीक्षक रोहित कशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### बढ़ती चोरियों को लेकर एसपी ने रात में लिया कोतवाली और सिविल लाइन थाने में स्टाफ और गश्त व्यवस्था का जायजा



थाने का जायजा लेते हुए एसपी

विदिशा में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने देर रात शहर का दौरा किया। उन्होंने कोतवाली और सिविल लाइन थानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। एसपी काशवानी सबसे पहले थाना कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड और लंबित प्रकरणों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह भी मौजूद रहे। इसके बाद एसपी सिविल लाइन थाना पहुंचे और रोल कॉल लिया। उन्होंने शिकायत निवारण प्रक्रिया, दैनिक ड्यूटी व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण और कर्मचारियों की अनुशासन व्यवस्था की जांच की। थाना प्रभारी आर.के. मिश्र भी मौके पर थे। निरीक्षण के दौरान एसपी काशवानी ने साफ कहा कि कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग तेज करने और आम जनता से संवाद मजबूत करने के निर्देश दिए।

# शराब ठेकेदार का मैनेजर सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

### डिस्काउंट मांगने को लेकर हुआ था विवाद



मारपीट करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शराब दुकान पर हुए विवाद के बाद युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 23 नवंबर की रात करारिया थाना क्षेत्र के चितोरिया जोड़ स्थित देशी शराब दुकान पर हुई थी।

शराब खरीदने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि शराब ठेकेदार के लोगों ने कुछ युवकों पर लाठी-डंडों से हमला किया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी रोहित काशवानी ने एक विशेष टीम बनाई। टीम में कोतवाली, गुलाबगंज, पुलिस लाइन और साइबर सेल की संयुक्त टीम शामिल थी। टीम ने लगातार छापेमारी कर आरोपियों को अलग-अलग ठिकानों से पकड़ा।

### पांच आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने जिन पांच आरोपियों को पकड़ा है उनमें रामू राय निवासी चाटौली, मनीष बेडिया निवासी दुलई, विक्की जायसवाल निवासी भदोही (यूपी), शैलेंद्र रघुवंशी निवासी सांकलखेड़ा और संजय मिश्रा उर्फ मंटू निवासी भोजपुर शामिल है। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। शराब दुकान के स्टाफ, बिक्री से जुड़े सिस्टम और मौके के वीडियो फुटेज भी जांच में शामिल हैं।

### 8 हजार 844 किसानों को भावांतर का भुगतान

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सोयाबीन खरीफ-2025 भावांतर भुगतान योजना के द्वितीय चरण में 1.34 लाख किसानों को 249 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से दी गई। विदिशा जिले के 8 हजार 844 किसानों को मंडियों में विक्रय की गई उपज पर 14 करोड़ 97 लाख 47 हजार 545 रुपए की भावांतर राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी समिति विदिशा की नवीन मंडी प्रांगण, मिर्जापुर में दोपहर 1:45 बजे से किया गया।

### अजाक्स प्रदेशाध्यक्ष की बर्खास्तगी की मांग

# सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन आज होगा शांतिपूर्ण प्रदर्शन



ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में गुलाबगंज सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ब्राह्मण समाजजनों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संतोष वर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो युवा ब्राह्मण विकास परिषद पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ेगी। ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों में राकेश कटारे, अनिल कारोलिया, शिवप्रसाद तिवारी, पियूष शर्मा, छगनलाल चतुर्वेदी, रामसेवक शर्मा, कपिल शर्मा, मुकेश शर्मा, गोपाल भार्गव, रितेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, नीलेश पाठक, रजनीश शर्मा, गौरव शर्मा, अनु भार्गव, पवन उपाध्याय, अंकित चौबे, आशीष मिश्रा, मनोज शर्मा शामिल रहे।

वहीं गोहरगंज में मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य कृत्य के विरोध में सकल हिंदू समाज एवं सनातन हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में आज गुरुवार सुबह 11 बजे गांधी चौक पर शांतिपूर्ण धरना देकर ज्ञापन दिया जाएगा।

# अभाविप ने व्हीआईटी विवि प्रशासन का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

**लगातार दूषित भोजन के कारण कई विद्यार्थी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गए।**



पुतला दहन करते हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने व्हीआईटी विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। विदिशा नगर इकाई द्वारा दुर्गा नगर चौराह पर 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोप है कि छात्रों को लगातार दूषित भोजन दिया गया, जिसके कारण कई विद्यार्थी जॉन्डिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गए। इलाज में लापरवाही के बाद जब छात्रों ने विरोध किया तो सुरक्षा कर्मियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई, जिससे कई छात्र घायल हुए। इसके साथ ही छात्रों की अश्लील वीडियो बनाए जाने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। एबीवीपी ने कहा कि बिना उचित व्यवस्था के छात्रों को अचानक अवकाश पर भेजना स्थिति को और संदेहास्पद बनाता है। संगठन ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की सुरक्षा और न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। प्रदेश के जिलों की इकाइयों द्वारा पुतला जलाया जाएगा।

### पशुओं का अवैध परिवहन करने वाले तीन वाहन राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पशुओं के अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने तीन वाहनों को राजसात करने के आदेश जारी किए। प्रशासन ने पशु क्रूरता और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। राजसात किए गए वाहनों के आरोपी इरफान खान, आरोपी इसहाक खान और आरोपी सुनील अहिरवार शामिल हैं। आदेश जारी होते ही वाहनों को राजसात प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है। ऐसी अवैध गतिविधियों पर भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# विदिशा के 13 खिलाड़ियों ने 20 स्वर्ण, 13 रजत और 5 कांस्य पदक पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन रीवा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में 11वीं राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसी अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने केरल एवं हैदराबाद नेशनल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विदिशा की अंतरराष्ट्रीय स्तर की एथलीट सुरेखा पाल को भी पदक पहनाकर सम्मानित किया। विदिशा जिले की टीम अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव एवं सचिव कमल राठौर के नेतृत्व में उतरी। जिसमें 17 खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। इनमें से 13 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 स्वर्ण, 13 रजत एवं 5 कांस्य कुल 38 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में मिले इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद विदिशा के सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ी आगामी नेशनल मीट अजमेर के लिए चयनित हुए हैं।

# आरोन के गैस सिलेंडर आनंदपुर क्षेत्र में बेचे जा रहे थे, 21 जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध क्रय-विक्रय पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अखबारों में प्रकाशित खबर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन में लटेरी विकासखंड के आनंदपुर क्षेत्र में की गई जांच में दो दुकानों से कुल 21 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। मस्जिद वाली गली स्थित महेन्द्र जैन की मिनी किराना दुकान से 8 सिलेंडर तथा राजू शर्मा की राजू महाराज की दुकान से 13 सिलेंडर बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों दुकानदारों ने स्वीकार किया कि यह सिलेंडर बालाजी भारत गैस ग्रामीण वितरक, आरोन (गुना) से प्राप्त कर आनंदपुर क्षेत्र में बेचे जा रहे थे। आवश्यक वस्तु अधिनियम के उल्लंघन पर दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस का वाणिज्यिक उपयोग और अवैध विक्रय किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विदिशा पुलिस की पहल से वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का हो रहा शांतिपूर्ण समाधान

# साप्ताहिक पुलिस पंचायत में हो रहा कई प्रकरणों का निपटारा, कई बुजुर्गों ने कहाः धन्यवाद विदिशा पुलिस

**पुलिस पंचायत से बुजुर्गों को मिल रहा त्वरित न्याय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए साप्ताहिक पुलिस पंचायत की बैठक गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े कई संवेदनशील प्रकरणों पर विस्तार से सुनवाई की गई। इस दौरान समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

लगभग 70 वर्षीय दंपति ने बताया कि उनके पांच बेटों द्वारा उनकी जमीन पर कब्ज़े की कोशिश कर मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। पंचायत में दोनों पक्षों को सुना गया और यह स्पष्ट किया गया कि माता-पिता को अपनी संपत्ति पर पूरा अधिकार है। समझाइश के बाद बेटों ने माता-पिता से माफी मांगी और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। माहौल भावुक हो गया और बुजुर्ग दंपति ने राहत महसूस की।

### सौतेले बेटे का विवाद सुलझा

एक बुजुर्ग ने शिकायत की कि पत्नी की पूर्व शादी से आए बेटे द्वारा विवाद खड़ा किया जा रहा है। पुलिस पंचायत ने पारिवारिक एवं विधिक पहलुओं को स्पष्ट कर समझाइश दी। सौतेला बेटा अलग मकान में रहने को तैयार हो गया, जिससे परिवार में शांति का रास्ता खुला। बुजुर्ग ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। एक वरिष्ठ नागरिक द्वारा शादी समारोह के शोर से परेशान होने की शिकायत पर पंचायत ने तत्काल संबंधित थाना पुलिस को निर्देश दिए। आयोजनकर्ता को सख्त चेतावनी दी गई और बुजुर्ग को तुरंत राहत मिली। शहर से बाहर रहने वाले एक बुजुर्ग ने बताया कि किरायेदार न किराया दे रहा है न मकान खाली कर रहा है।

पंचायत ने दोनों पक्षों को अगली तिथि पर संयुक्त रूप से उपस्थित होकर समाधान निकालने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य शिकायतों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस पंचायत लगातार प्रभावी भूमिका निभा रही है।



बुजुर्गों की सुनवाई करते हुए एडिशनल एसपी



## बासौदा मंडी भाव


सोयाबीन
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव-5370
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7750
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव- 5350
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6360
उड़द
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5610
मक्का
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव- 1625
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3100
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3430
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3172
धनिया
न्यूनतम भाव-7510
उच्चतम भाव- 7510
ज्वार
न्यूनतम भाव-1280
उच्चतम भाव-5500
अलसी
न्यूनतम भाव-6870
उच्चतम भाव-6870

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 43711 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### डायल 112 के कर्मचारियों ने बचाई युवक की जान



**त्योंदा।** मंगलवार को रात्रि के समय कंट्रोल विदिशा से इवेंट पर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मुहासा थाना त्योंदा में एक युवक द्वारा फांसी लगाई जा रही है। जिसकी जानकारी मिलने पर डायल 112 पर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल मनमोहन शर्मा, महेंद्र सिंह, पायलेट सोनू शर्मा, पायलेट सुभाष रघुवंशी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक को फंदे से उतारकर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्योंदा में भर्ती करवाया। जिससे ग्रामीण युवक की जान बच गई।

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के समय बगैर सूचना के कभी भी बिजली की कटौती कर दी जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

# अभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा अपने भाषण में ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने से बवाल खड़ा हो गया है। इसी को लेकर बुधवार को नगर में भी ब्राह्मण समाज एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ब्राह्मण समाज के सैंकड़ों लोगों ने शहर थाना पहुंचकर संतोष वर्मा पर प्रदेश की शांति व्यवस्था भंग करने एवं जन भावनाओं को आहत करने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की। ज्ञात हो कि 23 नवंबर को भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें प्रांत अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते समय आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि मेरे परिवार को आरक्षण का लाभ तब तक मिलना चाहिए, जब तक कोई ब्राह्मण, मेरे लड़के को अपनी बेटी की दान न कर दे अथवा उससे संबंध ना बना लें। ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की टिप्पणी के बाद से ही पूरे प्रदेश भर में इस बयान की निंदा हो रही है। बुधवार को ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सैकड़ों लोग एक रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुखता से कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत एक विकृत एवं





कुंठित मानसिकता से ग्रस्त आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर अत्यंत ही अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है। शासकीय पद पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई इस प्रकार की टिप्पणी से प्रबुद्ध नागरिक एवं ब्राह्मण समाज क्षुब्ध एवं आक्रोशित है। एक संवैधानिक एवं जिम्मेदार पद पर बैठे हुए अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज को निशाना बनाकर, हमारे मान- सम्मान मर्यादा एवं परिवारों पर सीधा हमला किया गया है, जो कि अक्षम्य है। संतोष वर्मा के इस कृत्य से देश एवं प्रदेश की शांति व्यवस्था सद्भावना पर भी कुठाराघात हुआ है। ऐसे कृत्यों से समाज की शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है। ब्राह्मण समाज की उपस्थिति में लोगों ने यह मांग भी की है कि संतोष वर्मा जैसे कुंठित एवं विकृत मानसिकता तथा निम्न स्तरीय सोच रखने वाले शासकीय अधिकारी के विरुद्ध तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए, उचित विधि सम्मत धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए तथा इसको शासकीय सेवा से बर्खास्त किया जाए। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए भी शासन कोई कठोर कार्रवाई नहीं करता तो ब्राह्मण समाज, उग्र आंदोलन के लिए विवश हो जाएगा। तहसील परिसर में ज्ञापन के पश्चात ब्राह्मण समाज लोगों ने शहर थाना पहुंचकर एसडीओपी शिखा भलावी से संतोष वर्मा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। एसडीओपी शिखा भलावी को ब्राह्मण समाज की ओर से एक लिखित आवेदन दिया गया है और 3 दिन में उक्त आवेदन पर जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान ब्राह्मण समाज द्वारा जय स्तंभ चौक पर नारेबाजी करते हुए आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा का पुतला भी फूंका गया।

## न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगणों ने बैठक में दी जानकारी

# संविधान दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें से एक कार्यक्रम शासकीय एसजीएस कॉलेज में आयोजित किया गया। वहीं कई गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए चर्चा की गई। जिसमें लोगों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

शासकीय एसजीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार दुबे के नेतृत्व में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सृष्टि कुशवाह चतुर्थ विभाग न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, विशेष अतिथि के रूप में संजीव कुमार अरोरा, अधिवक्ता, प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता एवं डॉ. बी के प्रजापति मंचासीन रहे। सर्वप्रथम डॉ. सुमनलता गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए संविधान दिवस के महत्व को समझाया। इसके बाद अधिवक्ता संजीव कुमार अरोरा ने विस्तार से संविधान दिवस के बारे में चर्चा की उन्होंने मौलिक अधिकारों के महत्व और प्रस्तावना को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि न्यायाधीश सृष्टि कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान दिवस से जुड़े हुए मुख्य तथ्यों पर चर्चा की और विद्यार्थियों को संवैधानिक जागरूकता के महत्व के बारे में समझाया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों से संविधान के बारे में जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने का परामर्श दिया। जिसके विद्यार्थी अपना ध्यान दूसरी गतिविधियों के ऊपर न देकर अध्ययन पर दे सकें। इसके पश्चात महाविद्यालय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका नेतृत्व डॉ. दिलीप कुमार गुप्ता एवं डॉ. शिवानी बिश्नोई के द्वारा किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 16 से छात्रों ने भाग लिया। इसके पश्चात डॉ. सपना श्रीवास्तव के नेतृत्व में मौलिक अधिकारों पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. आरडी जाटव, डॉ. दिलीप गुप्ता, आयुष हरदाह, अभिषेक सिंह, डॉ. बिंदेश शुक्ला, डॉ. सबिया मंसूरी, डॉ. विकास, डॉ. शिवानी बिश्नोई सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं अनेक छात्र, छात्राऐं उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर बाल मित्र ग्रामों में चला जागरूकता अभियान, हुई चर्चा

**गंजबासौदा।** सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (SMGC) द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर बाल मित्र ग्राम साहबा, भिलाय, स्यावदा, चौरावर, जरोदपुरा एवं ककरावदा में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समुदाय के सदस्यों को संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की गहन समझ प्रदान करना तथा न्याय, समानता, शांति और करुणा आधारित समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सहभागियों को विभिन्न गतिविधियों, संवाद और समूह चर्चा के माध्यम से यह बताया गया कि भारत के हर नागरिक के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करना और अधिकारों का सम्मान करना लोकतंत्र की मजबूती के स्तंभ हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संविधान तथा उसके मूल्यों के संरक्षण और पालन हेतु सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन का यह प्रयास समुदाय स्तर पर जागरूक, उत्तरदायी और करुणामय नागरिक समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कार्यक्रमों में बाल मित्र ग्राम समूहों के सदस्य, युवा वर्ग, महिलाएँ एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा संविधान में निहित समानता, गरिमा और न्याय जैसे मूल सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर पुलिस ने नाबालिग बालिका को इंदौर से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 11 अगस्त को फरियादी ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत खोजबीन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने नाबालिग बालिका को धर्मपुरी, इंदौर से सकुशल दस्तयाब किया। न्यायालय में कथन कराए जाने के पश्चात बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, शिवप्रताप, शिवानी मिश्रा, रोहित रैकवार की भूमिका रही।

### नौलखी मंदिर पर पांच दिवसीय प्रवचन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष 34 वां गीता जयंती महोत्सव दिव्य उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धर्मनगरी में आध्यात्मिक चेतना जगाने वाले इस महोत्सव की सभी तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। गुरुवार से पांच दिवसीय गीता प्रवचन का यह आयोजन स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित किया गया है जो कि दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया है। समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के अंतर्गत गीता पर विशेष प्रवचन का आयोजन रखा गया है, जो केसी तिवारी पूर्व मार्केटिंग समिति प्रबंधक द्वारा अपनी पत्नी स्व. शांति देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया जाएगा। आध्यात्मिक संगीतमय गीता कथा का वाचन मानस रत्न पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री द्वारा किया जाएगा। प्रवचनों में गीता के शाश्वत उपदेश, जीवन में धर्म के महत्व और कर्मयोग की भावना पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। समिति ने नागरिकों श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी बंधुओं से परिवार सहित इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्म, ज्ञान और भक्ति का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### शाला के बच्चों को स्वेटर किए वितरित



**गंज बासौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार के बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरित करने पहुंचे व्यापार महा संघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी ने कहा यदि शिक्षक ईमानदारी से प्रयास करे तो शाला के छात्रो को शिक्षा और शाला को खूबसूरत कैसे बनाया जाता है। यह चरितार्थ किया है शासकीय शाला कालापठार के प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने । यहां आकर मन प्रसन्न हो गया। वहीं भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लाखन सिंह रघवंशी ने कहा कि अधिकतर शासकीय शालाओं में मेहनत मजदूरी करने वाले पालकों के बच्चे ही पढ़ते हैं जो प्राय पूर्ण सुविधाओं से वंचित ही रहते हैं। यहां आकर और व्यवस्थाएं देखकर लगा कि शाला प्रभारी निरंतर इस प्रयास में रहते हैं कि शासकीय लाभ के अतिरिक्त बच्चों और शाला की आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे हो और उनके प्रयासो से शाला सर्व सुविधा युक्त है। कुलदीप रघुवंशी ने कहा कि हमने बहुत सी प्राइवेट से लेकर शासकीय शालाएं देखी हैं लेकिन ऐसी सुव्यवस्थित साफ स्वच्छ, मनमोहक शाला हमने नही देखी। निश्चित ही यहां के शिक्षक बधाई के पात्र हैं। इससे पूर्व शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे ठंड से बचाव हेतू छात्रों को स्वेटर स्वेटर वितरण करने विजयश्री ग्रुप के सदस्य पहुंचे। जिन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया इसके उपरांत आरती अहिरवार ने सभी अतिथियों का तिलक चावल लगाकर स्वागत किया। शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और कहा कि विजयश्री ग्रुप के यह कार्य अच्छी भावना धार्मिक परहित की सोच को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रथ्वीसिंह रघुवंशी, गोपालदास अहिरवार, आरती अहिरवार सहित अनेक छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

### भव्य सीयाराम विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ



**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महासभा महिला कार्यकारिणी द्वारा विवाह पंचमी के पावन अवसर पर नौलखी मंदिर में सिया राम विवाह महोत्सव पारंपरिक श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। राम विवाह की खुशियां मनाते हुए सिया राम जी की झांकी लगाई गई एवं महिलाओं ने नाच गान और मधुर भजनों की प्रस्तुति से पूरे मंदिर को भक्ति और उल्लास से भर दिया। जिलाध्यक्ष रिंकी कमल रघुवंशी के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम में रघुवंशी समाज की महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिन्होंने भगवान राम और माता सीता की विवाह की परंपरा को जीवंत कर दिया।

## अतिक्रमणकारियों द्वारा तोड़ दी जाती है बार-बार बाउंड्रीवाल

# एसजीएस कॉलेज की बाउंड्रीवाल पुनर्निर्माण की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय की क्षतिग्रस्त बाउंड्री के पुनःनिर्माण की मांग को लेकर अनेक छात्रों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार को एक आवेदन दिया। जिसमें महाविद्यालय के चारों ओर से टूटी बाउण्ड्रीवाल को पुनः निर्माण कराए जाने की मांग की गई। आवेदन में कहा गया है कि विगत दिनों मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते मुख्य द्वार के पास से बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया था। जिससे चलते अतिक्रमण और खेलकूद की गतिविधियाँ संचालित होने में विद्यार्थियों को असुविधा हो रही है।

महाविद्यालय परिसर में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महाविद्यालय की संपत्ति को कई बार हानि हो चुकी है। ज्ञात हो कि बाउंड्री वाल के पास रहने वाले लोग कई सालों से अतिक्रमण किए हुए हैं जो अपने आने जाने के लिए बाउण्ड्री वाल को तोड़ते हैं एवं अपने दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित अन्य वाहनों को महाविद्यालय परिसर में खडे करते हैं। जिससे विद्यार्थियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन में तीन दिवस के अंदर महाविद्यालय की बाउंड्री वाल बनवाने की मांग की गई। बाउण्ड्री वाल निर्माण न होने की दिशा में छात्र शक्ति उग्र आंदोलन करेगी; जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आवेदन देने वालों में रमन दुबे, मोहित भार्गव, अक्षत श्रीवास्तव, रामादित्य श्रीवास्तव ,आदित्य सेन, राजा कुशवाहा सहित अनेक छात्र शामिल थे।

### पति और पत्नी एक ही इकाई होते हैं



**गंजबासौदा ।** हमारे सनातन धर्म में गुरु- शिष्य, पिता- पुत्र और पति-पत्नी एक ही इकाई माने गए हैं। बिना पत्नी के पति कोई भी यज्ञ कर्म नहीं संपन्न कर पाते हैं। इस तथ्य को जान और मान लेने वाले का गृहस्थ जीवन सुखी हो जाता है। राजेन्द्र स्थित बाबा रामदेव दरबार में भगवान के विभिन्न विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा और श्री रुद्र महायज्ञ के साथ ही नौ दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन के द्वितीय दिन कथा का गायन करते हुए सरस श्रीराम कथा के गायन के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# शिव विवाह प्रसंग सुनने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आध्यात्मिकता और भक्ति-रस से सराबोर श्रीरामचरित मानस कथा के द्वितीय दिवस बुधवार को शिव विवाह का दिव्य प्रसंग जब पूज्य प्रेमभूषण महाराज ने कथा के मंच से प्रस्तुत किया, तो पूरा पंडाल “हर-हर महादेव” के जयघोषों से गूंज उठा। भगवान शिव–पार्वती विवाह के पावन वर्णन ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से भर दिया। राजेंद्रनगर स्थित रामदेव मंदिर के पास आयोजित हो रही नवदिवसीय संगीतमय श्री रामचरित मानस के कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने शिव बारात के अनूठे स्वरूप का व्याख्यान करते हुए कहा कि शिव विवाह संसार को यह संदेश देता है कि रूप, वैभव और प्रतिष्ठा नहीं; बल्कि सरलता, पवित्रता और समर्पण ही जीवन को पूर्णता प्रदान करते हैं। शिव बारात इस सत्य का प्रतीक है कि ईश्वर का दरबार भावों से चलता है, रूप-रंग से नहीं। महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि जिस जीवन में शिव जैसा वैराग्य और पार्वती जैसी एकनिष्ठ भक्ति हो, वहाँ प्रभु की कृपा अवश्य उतरती है। विवाह केवल संस्कार नहीं, आत्मा और धर्म का दिव्य संगम है। पूरा पंडाल भक्ति-भाव में डूबा रहा। हर उम्र के श्रद्धालुओं ने शिव विवाह के अलौकिक प्रसंग का रसपान किया। आरती के समय दीपों की ज्योति ने वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। इस अवसर पर भगवान द्वारकाधीश रामदेव मंदिर शमशाबाद के पीठाधीश्वर पंडित गौरीशंकर तेनगुरिया महाराज तथा रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक महत्त्व को और बढ़ा दिया। दोनों संतों ने कथा स्थल पर पहुंचकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया और महाराजश्री द्वारा किए जा रहे रामचरित मानस के अद्भुत भक्ति-वर्णन की सराहना की। शिव विवाह प्रसंग ने कथा को दिव्यता, नगर को भक्तिरस और जनमानस को निर्मल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने स्मार्ट मीटर के विरोध में नागरिकों को किया जागरूक

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को शहर में लग रहे स्मार्ट मीटर एवं विद्युत कटौती के विरोध में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

क्षेत्र में लगाइए जा रहे स्मार्ट मीटर एवं बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेष यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेष शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम एसडीएम हरिषंकर विष्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा सिरोंज क्षेत्र में मध्यप्रदेश बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगा रहा है। और जहा स्मार्ट मीटर लगा है वहा बिन्न बहन ज्यादा आ रहे है। चाहे राजधानी भोपाल हो या फिर सिरोंज आपसे आग्रह है कि सबसे पहले रा सरकार ऊर्जा मंत्रालय इन स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जाँच कराए क्योंकि वर्तमान मीटरों और स्मार्ट मीट को रीडिंग में 20 से 30 गुने अंतर आता है। जिस कारण लोगो के हजारों के बिजली बिल आ रहे है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है उपभोगता न तो मीटर के वास्तविक आंकड़े सुन पा रहे है। और न ही कंपनी इस का स्पष्ट तकनीकी डेटा सार्वजनिक कर रही है।

इससे उपभोगता मानसिंक आर्थिक और तकनीकी शोषण झेल रहे है। एवं कई जिलों में गरीब मध्यम वर्गीय उपभोक्ता परेशान हो रहे है। राज्य सरकार अपनी इस महती योजना और स्मार्ट मोटर को अपने पास संभाल कर रखें आखिर सरकार क्यों हम गरीब मध्यम वर्गीय को स्मार्ट क्यों बनाना चाहती है। उपभोगता से अनुमति लेकर ही स्मार्ट मीटर लगाये जाये अन्तथ नहीं लगाये जाये । श्रीमान जी सिरोज एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों निरंतर बिजली कटौती की जा रही है। हालात र सामान्यतः दिन में 4-5 घंटे की कटौती हो रही है। जिस कारण रह वासियों ग्रामीणों। को परेशानि का सामना करना पड़ रहा है । इस ज्ञापन के माध्यम से आपके आग्रह है कि स्मार्ट मीटर की आवश्यकता नहीं है । ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से ब्लॉक कंग्रेस के अध्यक्ष सुरेष यादव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलसिंह यादव, कैसर खॉन, भरतदीप मेहता, अषोक यादव, डॉ. सुब्हान गौरी,सलीम गौरी युवक कांग्रेस के सचिव अतीक मंसूरी आदि उपस्थित थे।



**अध्यक्ष ने स्मार्ट मीटर के संबंध में नागरिकों को जागरूक किया, दी गई चेतावनी**



1. विद्युत अधिनियम, 2003 का उल्लंघन - धारा 55(1) के प्रावधानों के अनुसार स्मार्ट/प्रीपेड मीटर केवल उपभोक्ता की लिखित सहमति से या नए कनेक्शन के मामले में ही लगाया जा सकता है। कार्यशील पुराने मीटर को बिना सहमति बदलना गैर-कानूनी है। स्मार्ट मीटर से इनकार करने पर धारा 56(1) के तहत बिजली काटना इसका दुरुपयोग है। सर्वोच्च न्यायालय ने डद्दै वनजीमतद द्समबजतपबपजल अे ड. तंजांतपींदं ;2017द्ध 3 ैब्ब 525 में स्पष्ट कहा है कि धारा 56(1) का चपयोग केवल बकाया वसूली के लिए ही हो सकता है. किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं।
2. निजता के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन - स्मार्ट मीटर हर 15-30 मिनट में बिजली खपत का डेटा रिकॉर्ड कर सर्वर पर भेजता है, जिससे घर के अंदर की निजी जिंदगी का पता चलता है। बिना लिखित सहमति के यह तिगरानी सर्वोच्च न्यायालय के ड्डौ.. च्नजजेंूउल ;च्तपअंबलद्ध मामले (2017) 10 ैब्ब 1 के विरुवा है।
3. उच्च न्यायालयों के बंधनकारी आदेश (2023-2025) - उच्च न्यायालयों के स्पष्ट आदेश है कि स्मार्ट मीटर जबरन नहीं थोपा जा सकेंता और इनकार करने पर बिजली नहीं काटी जा सकती।
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का उल्लंघन - जबरन प्रीपेड थोपना धारा 2(47) के अंतर्गत अनुचित व्यापार प्रथा है। उपभोक्ता को सेवा चुनने का अधिकार धारा 2(9) में है।
5. स्वास्थ्य जोखिम - स्मार्ट मीटर से निकलने वाला रेडिएशन द्वारा (संभावित कैसरजनक) घोषित है। में स्वास्थ्य कारणों से भी स्मार्ट मीटर लगाने से इनकार करता हूँ। अतः निवेदन है कि मैं स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने से स्पष्ट इनकार करता हू आप तत्काल जबरदस्ती एवं बिजली काटने की सभी धमकियों देना बंद करें। मौजूदा मीटर से ही बिलिंग जारी रखें। स्मार्ट मीटर से संबंधित किसी भी आधार पर बिजली काटने से पूर्णतः परहेज करें। यदि आप बिजली काटते हैं या जबरन मीटर बदलते हैं तो मुझे कानूनी कार्यवाही करने पर विचार करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसके सारे हर्जे खर्चे की जिम्मेदारी आपकी होगी।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ.हिमांषु द्विवेदी के पिताश्री के निधन पर मप्र आईजा ने दी श्रद्धांजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



ऑल इण्डिया जैन जर्नलिस्ट यूनियन आईजा ने हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताश्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर शोक श्रद्धांजली दी। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने देश के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताश्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि कीर्ति नारायण का 25 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण बृजेश के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मध्यप्रदेश शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे।

उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार, को उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे स्नेहिल और समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। बड़े सुपुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधु पूजा द्विवेदी परिवार की सार्वजनिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। छोटे बेटे रवि द्विवेदी और पुत्रवधु कीर्ति द्विवेदी ग्वालियर हाईकोर्ट के जाने-माने वकील हैं। वहीं पुत्री डॉ. राखी और दामाद डॉ. अविनाश शर्मा प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं।

# आम आदमी पार्टी ने मनाया संविधान दिवस और आप का स्थापना दिवस

**सिरोंज** । आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संविधान को हमेशा बचाने के लिए शपथ ग्रहण की एवं संविधान के रचयिता भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पण की। आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए सिर्फ एक तारीख नहीं है। यह वह क्षण है जब हम अपने महान संविधान को नमन करते हैं, जिसने हमें हर कदम पर न्याय, समानता और स्वतंत्रता की राह दिखाई।



यह वह दस्तावेज़ है जिसने भारत को सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि विचारों, अधिकारों और उम्मीदों का लोकतांत्रिक परिवार बनाया। और इसी ऐतिहासिक दिन पर, आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक ऐसी राजनीतिक सोच, जो आम लोगों की समस्याओं को अपनी आवाज़ बनाती है, एक ऐसी यात्रा जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जनता की ताकत से आगे बढ़ती है आज उसी संघर्ष, उसी संकल्प और उसी उम्मीद को हम सब फिर से याद करते हैं क्योंकि स्थापना दिवस और संविधान दिवस एक ही दिन आते हैं, इसलिए ।।च संविधान की मूल भावनाकृतलोकतंत्र, समानता, न्यायकृत को अपनी विचारधारा का केंद्र मानती है। आज ही के दिन आम आदमी पार्टी स्थापना 26 नवंबर 2012 को अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों द्वारा की गई थी।

इस दौरान जिला सचिव रजत सक्सेना, वाजिद मैकेनिक, डॉक्टर सोहेल खान, अमोल सिंह जाटव, रविन्द्र सिंह जाटव, रवि कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में हुए सम्मिलित



**सागर**। मध्यप्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष अविनीश भार्गव के पदभार ग्रहण समारोह संविधान दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें सागर जिला शहर सेवादल परिवार सम्मिलित हुआ और उन्हें नयी जिम्मेदारी की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी भवन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला गया जिसमें जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने ध्वज धारक की भूमिका अदा की। पीसीसी में शहर सेवादल परिवार ने बहुत ही उत्साह और गर्मजोशी से नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया। सभी सेवादल के सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष के साथ भारत के संविधान की शपथ ली।

# पिपरिया में त्रिदिवसीय समवशरण विधान का भव्य

**रहली**। ग्राम पिपरिया में चल रहे त्रिदिवसीय समवशरण विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिवस की शुरुआत विश्वशांति महायज्ञ के आयोजन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। महायज्ञ और आहारचर्या सुबह से ही चल रहे विश्वशांति महायज्ञ के उपरांत, पूज्य आचार्य श्री की आहारचर्या (आहार ग्रहण) का सौभाग्य स्थानीय श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।



दिन भर के धार्मिक अनुष्ठानों के बाद, रात्रि में ग्राम के युवाओं द्वारा गाँव में विराजमान श्री जी की आरती का आयोजन किया गया। इस आरती में भी गाँव के लोगों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस त्रिदिवसीय आयोजन से ग्राम पिपरिया में धर्म और अध्यात्म का एक विशेष वातावरण निर्मित हुआ, जिसने सभी ग्रामीणों को धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आचार्य श्री की आहार के बाद, समस्त ग्राम में एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।

यह प्रभात फेरी भक्ति और उत्साह का केंद्र रही, जिसमें धर्मप्रेमी बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी के बाद, आचार्य श्री के मंगल प्रवचन हुए। इस दौरान आचार्य श्री ने धर्म और अहिंसा का संदेश देते हुए उपस्थित जनसमूह को आशीर्वचन दिए।

## सांदीपनि विद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन

**रहली**। संविधान दिवस पर प्रार्थना सभा के दौरान साँदीपनि विद्यालय रहली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के प्रधान अध्यापक संजय खरे द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। जिस में समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षकों द्वारा संविधान का पालन करने की शपथ ली।इसके अलावा शाला में संविधान के प्रति जागरुकता हेतु निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।इस दौरान प्राथमिक शाला प्रभारी नीरज नेमा ने छात्रो को अधिकार व कर्तव्य के बारे में अवगत कराया गया ।कार्यक्रम में अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा, हिमांशु राजपूत, सौरभ पटेल, अतुल श्रीधर, तारा प्रजापति, ज्योति सिपोल्या, हुमेरा खान, सरोजनी अग्निहोत्री, उमा चौरसिया, प्रीति मनिहार अंजना चौरसिया, रेखा साहू, आकांक्षा विश्वकर्मा, शालिनी दुबे, रजनी सोनी सहित समस्त स्टाफ उपास्थित रहा।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, अस्पताल में भर्ती

**विदिशा**। राजा भैया कॉलोनी में एक युवक ने पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की पहचान रवि अहिरवार के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है, लेकिन उसे निगरानी में रखा गया है। अस्पताल पहुंचने के बाद रवि अहिरवार ने बयान दिया कि उसका छोटा भाई और उसकी पत्नी उसे लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। रवि ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन भी उसके साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद उसने मानसिक तनाव में आकर यह कदम उठाया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल रवि को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे निगरानी में रखा है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत अब स्थिर है, लेकिन गंभीर स्थिति के कारण उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। रवि अहिरवार मजदूरी का काम करता है। उसकी शादी हो चुकी है और उसका एक छोटा बच्चा भी है।

# वीआईटी विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में एबीवीपी ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई शमशाबाद कार्यकर्ताओं ने वीआईटी विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

इकाई शमशाबाद के मनोज मेहर ने बताया कि बीती रात वीआईटी विश्वविद्यालय में प्रशासन द्वारा छात्रों के साथ क्रूर और अमानवीय व्यवहार किए जाने की घटनाएँ सामने आई हैं, जो अत्यंत निंदनीय और असहनीय हैं। छात्र नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की सुरक्षा और न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। एबीवीपी के रहते किसी भी विद्यार्थी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

छात्रों को त्वरित रूप से न्याय मिलना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में सह मंत्री अंकित यादव, अभिषेक यादव, नीतेश शर्मा, मोनू शर्मा, सोनू यादव, नैतिक यादव, सानिद जैन, अजय सूर्यवंशी, अरविंद, अंशुमान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन विभाग ने अजगर रेस्क्यू किया

**शमशाबाद**। शमशाबाद में 10–12 फीट लंबा अजगर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश के नेतृत्व में वर्धा बीट की टीम ने ग्राम नगतरा में घर के बाहर दिखाई दिए 10–12 फीट लंबे अजगर को रेस्क्यू किया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़कर डबरी नहर क्षेत्र के निर्जन इलाके में छोड़ दिया।

## संविधान दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया

**गुलाबगंज** । संत शिरोमणि रविदास समाज संगठन द्वारा गुलाबगंज में संविधान दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। राष्ट्र की मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक संविधान दिवस 26 नवंबर दिन गुरुवार को समाज के लोगों द्वारा श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया । इस अवसर पर समिति के लोगों ने गुलाबगंज में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माताओं को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान प्रस्तावना के वाचन से हुई। इसके बाद रविदास समाज के लोगों ने बारी-बारी से अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माला और पुष्प अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।माल्यार्पण से पहले समाज के लोगों ने संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कियामाल्यार्पण कार्यक्रम में रविदास समाज के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रमोहन रतोसिया , कोषाध्यक्ष कमलेश ठेकेदार , भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष डॉ लल्लू लाल , समिति उपाध्यक्ष करण सिंह जाटव , कालूराम खजुरिया खेड़ा , रमेश अहिरवार , चतर सिंह , प्रीतम जाटव, मुंशीलाल , जितेंद्र ठेकेदार, रामस्वरूप , हरिओम, कालू राम खामखेड़ा, मोबतसिंह इत्यादि समाज जन उपस्थित रहे

## सीएम राइज में आपदा जागरूकता कार्यशाला सीखे जीवनरक्षक कौशल

**कुरवाई**। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सीएम राइज स्कूल कुरवाई में एसडीईआरएफ और होमगार्ड द्वारा आपदा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में लगभग 500 विद्यार्थियों को भूकंप, आग, बाढ़, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश और बिजली गिरने जैसी आपदाओं से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। जवानों ने आग लगने पर सुरक्षित निकासी, भूकंप के दौरान "ड्रॉप, कवर एंड होल्ड, बाढ़ में सुरक्षित स्थान तक पहुंचने की प्रक्रिया, डूबने की स्थिति में बचाव तकनीक, सर्पदंश के बाद सावधानियां तथा विद्युत करंट लगने पर प्राथमिक उपचार की विधि का प्रदर्शन किया। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण सीपीआर का लाइव डेमो रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आपदा प्रबंधन क्षमता और आत्मरक्षा कौशल विकसित करना था। प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने प्रशिक्षक टीम का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता पर जोर दिया।

# विधायक ने घुमाई तलवार तो जनता ने बजाई तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

कुरवाई में तीन दिवसीय 'जननायक महोत्सव' का भव्य समापन बस स्टैंड कुरवाई में हुआ। समापन दिवस पर राजा पोमेलशाह के जीवन पर आधारित नृत्य-नाट्य का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने मंच पर पारंपरिक तलवार प्रदर्शन कर माहौल को रोमांचित बना दिया, जिसे देखकर सभी ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि आने वाले समय में ऐसे भव्य सांस्कृतिक आयोजन निरंतर होते रहेंगे और वे संस्कृति विभाग से बड़े स्तर के कार्यक्रम कुरवाई एवं विधानसभा क्षेत्र में लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

उन्होंने गोंड साम्राज्य के महानायकों पर आधारित इस महोत्सव को स्थानीय सांस्कृतिक पहचान और गौरव के रूप में सराहा। तीन दिवसीय महोत्सव में रानी दुर्गावती, राजा हीरालाल सिंह और राजा पोमेलशाह की जीवनियों पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियाँ हुईं, जिन्होंने गोंड संस्कृति की शौर्यगाथा को प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया। विधायक सप्रे ने कलाकारों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। इस सांस्कृतिक आयोजन ने पूरे नगर में उत्साह और गर्व का माहौल बना दिया। तलवार चलाते हुए विधायक हरि सिंह सप्रे पारंपरिक पोशाक में मंच पर तलवार उठाए हुए नज़र आ रहे हैं, जिस पर जनता ने उत्साह से तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री एस. कुमार चौबे आयु 48 वर्ष पुत्र श्री बृज मोहन जी चौबे निवासी वैशाली नगर विदिशा जिला विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम बागरी प.ह.न. 38 तहसील जिला विदिशा की आराजी क्र. 147/1/1 रक्बा 0.209 हे. मे से 0.104 है. याने आधा बीघा भूमि जिसके पूर्व में- भूमि हेम बाबू जो योगेन्द्र राणा ने क्रय कर ली है, तथा योगेन्द्र राणा द्वारा वैभव गर्ग को विक्रय कर दी गई है। पश्चिम में- हिस्सा राहुल गुर्जर, उत्तर में- विदिशा बैरसिया रोड तथा दक्षिण में- भूमि रामस्वरुप की जिसे मेरे पक्षकार गण द्वारा क्रय करने का निश्चय किया है यदि उक्त वर्णित भूमि के बावत् किसी भी व्यक्ति विशेष बैंक संस्था, सोसायटी का कोई ऋण भार या अनुबंध या बंधक नामा हो अथवा उक्त भूमि बावत् कोई भी दीवानी अथवा राजस्व वाद विचाराधीन हो या कोई भी उक्त सम्पत्ति में अपना हित रखता हो तो या किसी भी प्रकार से उक्त भूमि पर एस कुमार चौबे के स्वत्व व आधिपत्य को चैलेंज करता हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 3 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ती मेरे कायालीन समय में अपने असल दस्तावेजो सहित जिस पर वह अपना क्लेम करता हो प्रस्तुत करें अन्यथा वाद गुजरने म्याद मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि के बावत् विक्रयपत्र का सपांदन करा लेवेगा तदपश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी तथा ऐसी स्थिती में सवंधित को होने वाले हर्जे खर्चे व परिणामों का उत्तरदाईत्व ऐसे व्यक्ति स्वयं का होगा।

भवदीय राज नारायण तिवारी (एडवोकेट)
वैशाली नगर विदिशा मो.न. 8319009549

# सपा के प्रदेश महासचिव ने की सलमान को कड़ी सजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



गौहरगंज में मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना को लेकर प्रदेश में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव चौधरी मुदस्सिर सलीम ने इस जघन्य प्रकरण पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़ी से कड़ी सज़ा की मांग की है। उन्होंने कहा कि छह वर्षीय बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की जानकारी मिलने पर उनका मन व्यथित हो उठा।

चौधरी मुदस्सिर ने कहा कि बेटी की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे मामलों में अभियुक्तों पर त्वरित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर जल्द से जल्द न्याय सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़िता और उसके परिवार को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के प्रति समाज में कड़ा संदेश जाना चाहिए, जिससे भविष्य में कोई भी अपराधी ऐसी घिनौनी हरकत करने की हिम्मत न जुटा सके। मुदस्सिर ने यह भी कहा कि लंबी कानूनी प्रक्रिया के कारण पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने में देरी होती है, इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई एवं सख़्त कार्रवाई समय की आवश्यकता है।

**भोपाल के प्रमुख शैक्षणिक स्थलों का अध्ययन भ्रमण कराया गया**

# छात्रों ने विज्ञान, कृषि, वन्य जीवन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महूठा के विद्यार्थियों को भोपाल स्थित प्रमुख शैक्षणिक स्थलों का अध्ययन भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र, कृषि अनुसंधान केंद्र और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान का निरीक्षण किया।

आंचलिक विज्ञान केंद्र में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों का अवलोकन किया, जबकि कृषि अनुसंधान केंद्र में उन्हें आधुनिक कृषि उपकरणों, नवीन तकनीकों और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों की जानकारी दी गई। छात्रों ने मशीनरी से जुड़े प्रयोगों को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिससे उनके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हुई।



व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ड्यूटी वेलनेस ट्रेड के छात्रों को ब्यूटी पार्लर का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्होंने सौंदर्य एवं वेलनेस से संबंधित प्रक्रियाओं को निकट से समझा। भ्रमण के अंत में बच्चों ने पीपल्स मॉल सहित शहर की विशिष्ट इमारतों का अवलोकन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों में अत्यंत उत्साह देखने को मिला और उन्होंने भ्रमण को ज्ञानवर्धक व आनंददायक बताया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होते हैं और उन्हें भविष्य में सही करियर दिशा चुनने में भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर गोवर्धन सिंह मेहर, हरि सिंह यादव, विनीत धाकड़, स्वाति साहू, प्रीतिबाला नामदेव, आशा यादव, जितेन्द्र दांगी, बलराम धाकड़ शिक्षक उपस्थित थे।

# 400 पुलिस कर्मी, 5 दिन... आखिर कहां छिपा है सलमान



# पुलिस की 'कार्यप्रणाली' से जनमानस में आक्रोश

## अब आशुतोष से आशा

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एम्स पहुंचकर बेटी के स्वास्थ्य की ली जानकारी**
**कहा- आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन**



बरेली। मुस्लिम समाज ने आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन।

### आक्रोशित भीड़ ने किया पथराव, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, किया लाठीचार्ज

### नरपिशाच सलमान को ढूंढने 6 जिले की पुलिस जंगलों से लेकर हाईवे तक कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को गौहरगंज में हुई मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना में आरोपी की गिफ्तारी को लेकर जिलेभर में उग्र प्रदर्शन होना शुरू हो गए हैं। बुधवार को गौहरगंज में सकल हिन्दु समाज द्वारा पुलिस की नाकामी के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया। जिसमें आंदोलनकारियों द्वारा आक्रोशित होकर पथरावबाजी की। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले धागे तथा हल्का लाठीचार्ज भी किया।

गौरतलब है कि 120 घंटे बीत जाने के बाद भी नन्हीं गुड़िया के साथ दरिंदगी करने वाले नरपिशाच सलमान को पुलिस ढूंढने में नाकाम नजर आ रही है, जिसको लेकर जिलेभर में जनमानस का आक्रोश उग्र होता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिले के बेगमगंज, नकतरा, सलामतपुर, औबेदुल्लागंज सहित अन्य क्षेत्रों में बंद का आव्हान किया गया तथा आरोपी को फांसी की सजा दिलाने के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए।

**नन्हीं परी को मिले न्याय**

**हिंदूवादी संगठन, युवा वर्ग व किन्नर समाज भी प्रदर्शन में हुआ शामिल, जताया विरोध**

**नन्ही परी को इंसाफ दिलाने बड़ी संख्या में महिलाएं आईं सड़कों पर**

**राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया मामला, कलेक्टर एसपी को भेजा नोटिस**



### बरेली में पनप रहा विरोध

## मुस्लिम समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** गोहरगंज में मासूम बच्ची के साथ दुष्कृत्य करने की शर्मनाक घटना से हिंदू समाज ही नहीं मुस्लिम समाज में भी आक्रोश बना हुआ है। मुस्लिम समाज के लोगों ने मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा जन आक्रोश रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से मासूम बच्ची से दरिंदगी करने वाले युवक सलमान को फांसी की सजा और मासूम को न्याय दिलाने की मांग की गई।

मुस्लिम समाज, मुस्लिम त्योहार कमेटी के लोग टॉकीज चौराहे पर एकत्रित हुए दरिंदे को फांसी दो, फांसी दो के नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे रैली में एवं ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने की मांग की जिससे भविष्य में कोई इस प्रकार की शर्मसार करने वाली घटना की हिमाकत न कर सके। इस दौरान भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।



सलामतपुर। गौहरगंज में हुई शर्मशार घटना के विरोध में सलामतपुर रहा पूर्णतः बंद



मंडीदीप। आक्रोश रैली में हिन्दू संगठनों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन।

## हजारों युवाओं ने दिखाया आक्रोश प्रदर्शनकारियों पर भांजी लाठियां

**रायसेन/मंडीदीप।** मासूम बालिका के साथ हुई अमानवीय कृत्य घटना को लेकर सकल हिंदू समाज ने शासकीय खेल मैदान गौहरगंज में जनआक्रोश रैली का आयोजन किया। जिसमें समाज के हजारों लोग उपस्थित हुए और अपना आक्रोश दिखाया। रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ किन्नर समाज और स्कूली छात्राएं भी उपस्थित रही।

प्रदर्शनकारियों ने इस मामले को लेकर बुधवार को प्रशासन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के बाद आक्रोशित भीड़ बेकाबू हो गई और आरोपी सलमान को फांसी देने के नारे लगाते हुए पथराव बाजी की। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के



लिए आंसू गैस के गोले धागे एवं हल्का लाठीचार्ज किया।

धरना प्रदर्शन में जिलेभर के विभिन्न हिन्दु संगठनों के साथ साथ भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, बजरंग दल, विहिप, आरएसएस, करणी सेना सहित कई संगठन आक्रोश रैली में शामिल हुए।

## बेगमगंज में बाजार पूर्णतः रहा बंद प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

**रायसेन/बेगमगंज।** मासूम से दरिंदगी करने वाले आरोपित सलमान की तत्काल गिरफ्तारी को लेकर हिंदू उत्सव समिति, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, सकल दिगंबर जैन समाज समिति, नपाध्यक्ष संदीप लोधी, सुदर्शन घोषी एवं सभी पार्षदगण अन्य जनप्रतिनिधियों के आव्हान पर आज बेगमगंज नगर बंद पूरी तरह सफल रहा।

बजरिया चौराहे से सैकड़ों की संख्या में दोनों समुदायों के लोगों ने नारेबाजी करते हुए विशाल जुलूस निकाला, जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर तहसील कार्यालय पहुंचा ओर सामने आक्रोशित लोग धरना देकर सड़क पर बैठ गए। भीड़ के कारण सागर-भोपाल मार्ग पर



वाहनों का आवागमन बंद हो गया जो प्रदर्शन होने तक रहा।

मौके पर एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रमोद उइके, थाना प्रभारी राजीव उइके सहित पुलिस बल पहुंच गया था। हिंउस अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## नकतरा में रैली निकालकर दिया तहसीलदार को ज्ञापन

**रायसेन/नकतरा।** गौहरगंज में नन्हीं परी से दरिंदगी करने वाले आरोपी सलमान को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर कस्बा नकतरा में बुधवार को व्यापारी संघ सकल हिंदू समाज अन्य सामाजिक संगठनों महिलाओं में एक जूता दिखाते हुए रैली निकाली साथ ही आरोपी को फांसी देने की मांग की वीडियो ने रैली में जमकर नारे भी लगाए। इस विरोध प्रदर्शन में जनपद सदस्य कल्पना देवी, मनीष बबेले, पूर्व सरपंच कालूराम विश्वकर्मा, अशोक साहू, शेलेश नेमा, वीरेंद्र सिंह बघेल, खिलान सिंह सरपंच अमरावद, रोहित साहू, सुनील साहू चैन सिंह मीणा, नारायण सिंह, प्रदीप



बघेल, पप्पू साहू, प्रेम सिंह सराठे, रोहित कुशवाह, देवांशु नेमा क्षेत्र के सभी सम्मानित जनमानस सभी ने मिलजुल कर तहसील दार भरत सिंह माण्डले को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आक्रोशित भीड़ ने सलमान को फांसी की सजा दिलाने की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की गई है।



रायसेन। गौहरगंज में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा।

## बीएलओ टीकाराम सड़क दुर्घटना में घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**एसआईआर का कार्य खत्म कर लौट रहे थे बीएलओ, तभी रास्ते मे अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

गोदरा के बीएलओ टीकाराम चौधरी एसआईआर कार्य निपटाकर रायसेन आ रहे थे। तभी रतनपुर दरगाह शरीफ के बीच भोपाल रोड़ पर बीएलओ चौधरी की बाइक को अज्ञात वाहन द्वारा जोरदार टक्कर मार घायल कर दिया। घायल बीएलओ घायल हालत में घण्टों सड़क किनारे तड़पता रहा। किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन कर नायब तहसीदार शैलेश सिंह को दी। नायब तहसीलदार सिंह एम्बुलेंस लेकर घटनास्थल पहुंचे।

घायल बीएलओ को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और डॉक्टरों से कराया इलाज।जिले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–142 सांची के भाग संख्या 108. गोंदरा के बीएलओ टीकाराम चौधरी के रतनपुर दरगाह के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर तत्काल एम्बुलेंस बुलाई गई तथा नायब तहसीलदार शैलेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस से घायल बीएलओ टीकाराम चौधरी को नायब तहसीलदार शैलेश सिंह की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पर उनका त्वरित इलाज किया। वर्तमान में बीएलओ का स्वास्थ्य ठीक है।

## बाइक पर पलटी स्कॉर्पियो, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

■ स्कॉर्पियो का संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

मंगलवार की रात में बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव से पूर्व एक ट्रैक्टर में लगे टारा की टक्कर से स्कॉर्पियो गाड़ी का संतुलन बिगडने से बाइक पर जा गिरी और टकराने से युवक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार को उपचार के लिए भोपाल पहुंचने से पूर्व ही मृत्यु हो गई मृतक दोनों बाइक सवार पिपरिया रोड पर स्थित ग्राम महेश्वर के निवासी थे।अचानक हुए दर्दनाक सडक़ हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो जाने से ग्राम में मातम का माहौल बना हुआ है।

पिपरिया मार्ग पर ट्रैक्टर में मिट्टी डालने का टारा लगा हुआ था।टारा टकराने से स्कॉर्पियो गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया स्कॉर्पियो बाइक सवारों पर जाकर पलटी उसके बाद पुनः एक बार पलटी और सडक़ किनारे खड़ी बाइक पर जा गीरी एक बाइक पर सवार कमोद सिंह धाकड़ उम्र 40 वर्ष एवं सूर्य प्रकाश धाकड़ उम्र 20 वर्ष कि अचानक सडक़ हादसे में मौत हो गई। मार्ग पर जरा सी असावधानी चूक दो लोगों की मौत और महेश्वर के परिवारों में मातम छा जाने का कारण बन गया मौत का कारण बनने वाली स्कॉर्पियो गाड़ी उदयपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम की बताई जाती है।

## अजाक्स संघ अध्यक्ष की टिप्पणी से भड़का ब्राह्मण समाज नाराज

### शहर में रैली निकालकर एफआईआर दर्ज करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में बुधवार को सर्व ब्राह्मण समाज ने बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अजाक्स संघ के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण कन्याओं को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में दिया गया।

समाज ने आईएएस अधिकारी वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित कठोर कार्रवाई की मांग की है। अधिकारी संतोष वर्मा ने 23 नवंबर 2025 को एक सार्वजनिक




बयान में कहा था कि जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उससे संबंध न बना ले, तब तक आरक्षण मिलना चाहिए। उनकी यह कथित टिप्पणी सार्वजनिक और प्रशासनिक पद पर रहते हुए की गई थी। जिस पर ब्राह्मण समाज ने असंतोष व्यक्त किया है। समाज ने इस टिप्पणी को अत्यंत अभद्र, अमर्यादित बताया है।

### जबलपुर की भजन गायिका संजो बघेल ने दी भजनों की प्रस्तुति

## छींदधाम में मनाया श्री सीताराम विवाह उत्सव

**श्रीराम विवाह पंचमी पर हनुमान गढ़ी मंदिर में हुआ गरीब कन्या का विवाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विवाह पंचमी पर श्री हनुमान एवं श्रीराम जानकी मंदिर छींद धाम में श्री सीताराम विवाह उत्सव का भव्य आयोजन हुआ।श्री सीताराम विवाह उत्सव के दौरान विवाह की विभिन्न रस्में निभाने श्रीराम एवं हनुमान भक्तों में भारी उत्साह रहा।

छींद धाम मंदिर समिति के द्वारा श्री सीताराम विवाह उत्सव का भव्य आयोजन हुआ जिसमें नर्मदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के साथ प्रदेश के अन्य जिलों से आए धार्मिक श्रद्धालुओं की परिवारों के साथ उपस्थिति रही।



छींद धाम सेवक मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी एवं साथियों द्वारा छींद धाम सीताराम विवाह उत्सव में आए श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया।

छींद धाम में जबलपुर की ख्याति प्राप्त भजन गायिका घंटो तक धार्मिक भजनों की मनमोहक झांकियां के साथ संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाती रही। जिन्हें सुनने श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही विवाह उत्सव के उपलक्ष में भोजन भंडारे का भी आयोजन हुआ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रेम पूर्वक प्रसादी ग्रहण किया।

### हनुमानगढ़ी में कन्या विवाह

विवाह पंचमी पर नगर की प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर कलार समाज की धर्मशाला में सराठे समाज की बिना मां-बाप की एक कन्या का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ आर्थिक रूप से अत्यधिक कमजोर कन्या के विवाह कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा उपहार दहेज सामग्री की व्यवस्था की गई।गरीब कन्या का कन्यादान मुन्ना भैया धाकड़ (चाय वालों )द्वारा लिया और विवाह की विभिन्न रस्मों में सहयोग किया गया पिपरिया से आई बारात के साथ कन्या की विदाई हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण से की गई।